# भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने भरा नामांकन

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने बुधवार को चौथी बार बीकानेर भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरा। नामांकन के बाद विशाल नामांकन जनसभा का आयोजन रविंद्र रंगमंच के पास रखा गया इस जनसभा में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा प्रत्याशी बीकानेर ने ठाना है अबकी बार रिकॉर्ड मतों से अर्जुनराम मेघवाल को विजय बनाना है। बीकानेर वासियों ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के दिग्गजों को उखाड़ फेंकने का काम किया है और अब लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन से प्रभावित होकर पूरा देश कांग्रेस मुक्त भारत करना चाहता है और सभी से आव्हान करता हु अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करते हुए रिकॉर्ड मतों से अर्जुनराम मेघवाल को विजय बनाने का संकल्प ले। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एक सफल और विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हुए हैं। ऐसे में बीकानेर से अर्जुनराम मेघवाल को सर्वाधिक वोटों से जीताकर चौथी बार संसद में भेजना है तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा। प्रदेश में भाजपा ने सत्ता में आते ही पेपर माफियाओं के लिए एसआईटी का गठन कर दिया और अब तक 65 से अधिक लोग गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेगी उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही गेहूं की खरीद का एमएसपी मूल्य बढ़ाया है किसानों की सम्मान निधि बढ़ाई है, पेट्रोल-डीजल की दरों में कमीं की है ऐसे करके भाजपा अपने वो सभी वादे पूरे करेगी जो जनता से किया है। पश्चिमी दिल्ली से सांसद व प्रदेश लोकसभा चुनाव सहप्रभारी प्रवेश साहब सिंह वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 सालो के शासन काल में अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की जो मजबूत छवि बनकर उभरी है उसकी प्रशंसा करते हुए कहा आंतरिक सुरक्षा के मुद्दो के साथ किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, को गिनाते हुए ऐसी सैंकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज हर क्षेत्र के हर वर्ग का व्यक्ति ले रहा है।

■ बीकानेर ने ठाना है अबकी बार रिकॉर्ड मतों से अर्जुनराम मेघवाल को विजयी बनाना है : सीपी जोशी



भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने नामांकन सभा को संबोधित किया।

बीकानेर लोकसभा प्रभारी गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा जिस तरह केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार काम कर रही है उससे प्रभावित होकर पूरे प्रदेश में तीसरी बार 25 सीटों कर भाजपा उम्मीदवार विजय होंगे और आमजन दिल खोलकर हमारे प्रत्याशी को आशीर्वाद देगी अर्जुनराम मेघवाल चौथी बार रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे और डबल इंजन की सरकार प्रदेश में चहुमुखी विकास करेंगी। आज की नामांकन सभा को बीकानेर संभाग प्रभारी सीआर चौधरी, शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी, लोकसभा संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य, केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विश्वकर्मा बोर्ड के चेयरमैन रामगोपाल सुथार, अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन राजेंद्र नायक, विधायक सिद्धि कुमारी, विश्वनाथ मेघवाल, जेठानंद व्यास, ताराचंद सारस्वत, अंशुमान सिंह भाटी, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उपमहापौर राजेंद्र पंवार, पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई, संतोष बावरी ने विचार रखे।

## सार-समाचार

### निरीक्षण के लिए टीमें गठित

**बीकानेर**, (कासं)। मिड डे मील आयुक्त के निर्देशों के बाद जिला कलक्टर ने जिले के स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को दिए जाने वाले दोपहर के भोजन तथा मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना में वितरित किए जाने वाले पाउडर दूध का औचक निरीक्षण करने के लिए 129 टीमों का गठन कर दिया है। ये टीमें उन्हें आवंटित स्कूलों में गुरुवार को जाकर निरीक्षण करेंगी। इन टीमों को स्कूलों में जाकर खाद्यान स्टॉक, बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता, उनके रख रखाव, रिकार्ड आदि पर अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। टीमों को प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना में वितरित किए जाने वाले पाउडर दूध की गुणवत्ता की जांच भी करनी होगी। इसके अलावा पाउडर दूध की सुरक्षा के उपायों, उसके स्टॉक के मिला आदि पर भी टीमें रिपोर्ट पेश करेंगी। गठित दलों को मिड डे मील की ओर से जारी निर्धारित प्रपत्र में अपनी रिपोर्ट रोजाना मेल करनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले की एकजाई रिपोर्ट तैयार कर 5 अप्रेल तक मिड डे मील आयुक्तालय को भेजेंगे। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने पंचायत समिति वार टीमों का गठन किया है, जिसमें बीकानेर पंचायत समिति के अधीन आने वाले स्कूलों के लिए 35 टीमों का गठन किया गया है। इसमें शहरी क्षेत्र के स्कूलों के लिए 7 टीमें शामिल हैं। पंचायत समिति नोखा व पांचू के स्कूलों का निरीक्षण 24 टीमें करेंगी। वहीं कोलायत व बज्जू पंचायत समिति की स्कूलों के लिए 20 टीमों का गठन किया गया है। खाजूवाला और पूगल पंचायत समिति क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण 19 टीमें करेंगी। श्री डूंगरगढ़ पंचायत समिति के स्कूलों का निरीक्षण 16 टीमें तथा पंचायत समिति लूणकरनसर क्षेत्र के स्कूलों के निरीक्षण के लिए 15 टीमों का गठन किया है।

### खाटू श्याम मंदिर में करंट से एक की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सुदामानगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर में बुधवार सुबह करंट लगने से एक शख्स की मौत हो गई। इस घटना से श्याम भक्तों में खलबली मच गई। वहीं मंदिर के आसपास दुकानें एकाएक बंद हो गई लेकिन मंदिर में धोक लगाने का सिलसिला जारी रहा। इस संबंध में कई भक्तों ने मंदिर की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। इन भक्तों का कहना है कि मंदिर के बाहर बिजली के पोल की तारें काफी समय से ढीली हैं, इसे कसने के लिए कई बार अवगत भी कराया गया लेकिन मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने इसे विद्युत निगम का मामला बताकर अनदेखी की। यहां तक कि शख्स की मौत होने के बावजूद मंदिर के कपाट कुछ देर के लिए बंद तक नहीं किए गए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंदिर में सजावट के लिए लगाई गई बिजली की लड़ियों को उतारने के लिए ऑटो चालक देवेन्द्र दूबे पुत्र प्रेमनाथ दूबे लोहे की सीढ़ी लाया था। इस सीढ़ी को वह मंदिर के अंदर ले जाने लगा तो यह सीढ़ी बिजली की लाइनों में उलझ गई और करंट आ गया। करंट इतना जर्बरदस्त था कि वह वहां तड़फने लगा, इस दौरान मंदिर में धोक लगाने के लिए पहुंचे कई श्रद्धालुओं ने उसे किसी तरह बचाने का प्रयास किया और उसे राजकीय जिला चिकित्सालय में पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**बीकानेर**, (कासं)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों यार्थियों की विभिन्न गतिविधियां बुधवार को भी आयोजित हुई।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोपेश्वर बस्ती के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान सभी ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से चुनाव आयोग के मोबाइल ऐप्स, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग सुविधा आदि के बारे को बताया। उप जिला शिक्षा अधिकारी (शाशि) अनिल बोड़ा ने बताया कि राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनासर में विद्यार्थियों ने रंगोली सजाई और मतदाताओं को जागरूक किया।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बारहगुवाड़ में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन हुआ। बोड़ा ने बताया कि स्वीप के तहत ग्रामीण विद्यालयों में पोस्टर एवं स्लोगन, रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान रैलियों द्वारा भी प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने संस्कार पब्लिक स्कूल, चायनान पब्लिक स्कूल, कोडा स्कूल और दफ्तरी चौक स्कूल का निरीक्षण किया।

### सवैतनिक अवकाश घोषित

**हनुमानगढ़**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान जिले में मतदान दिवस 19 अप्रैल पर सभी कामगारों के लिए निजी एवम सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक संस्थानों एवं राजकीय उपक्रमों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि मतदान दिवस पर जिला स्थित कार्यालयों एवं कार्य स्थलों में अवकाश रहेगा, ताकि मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख' के अनुसार मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश मंजूर करने की व्यवस्था की है। इसमें किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित व्यक्ति जो निर्वाचन में मतदान करने के हकदार है, उन्हें मतदान के दिन अवकाश दिया जाएगा।

### रंगोली कार्यक्रम आयोजित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 19 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया।राजीविका स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा बुधवार को जिला परिषद में स्वीप रंगोली एवं मेहंदी रचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह ने अधिकाधिक मतदान करने की अपील करते हुए समस्त उपस्थित महिलाओं को निर्वाचन विभाग द्वारा जारी विभिन्न एप्स की जानकारी दी और उन्हें घर-घर जाकर के अधिक से अधिक मतदान करने के लिये प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहना चाहिए कि मतदान दिवस के दिन मतदाता सूची में नामांकित सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्र पंहुचकर मतदान करें।

## डॉ.अम्बेडकर महाविद्यालय अधिग्रहित

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01-गंगानगर में समाहित समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन के लिये ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दलों की रवानगी, मतदान समाप्ति उपरांत ईवीएम संग्रहण तथा मतगणना पश्चात स्ट्राँग रूम का निर्धारण किया गया है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में ईवीएम कमीशनिंग करने के लिये स्ट्राँग रूम के लिये विधानसभा सादुलशहर के लिये रूम नम्बर ए-21, ए-22, गंगानगर विधानसभा के लिये रूम नम्बर ए-13, ए-17, करणपुर विधानसभा के लिये रूम नम्बर ए-6, ए-7, सूरतगढ़ विधानसभा के लिये जूलॉजी लैब-1 तथा रूम नम्बर एस-4, रायसिंहनगर विधानसभा के लिये रूम नम्बर ए-3, ए-4 व ए-5 अधिग्रहित कक्ष में किया जायेगा।

## 'विभिन्न निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करें'

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, पीबीएम और अन्य संबद्ध अस्पतालों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज व सम्बद्ध चिकित्सालयों में पीडब्लूडी, आरयूआईडीपी, आरएसआरडीसी द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। अस्पताल में सीवरेज, साफ-सफाई, रंग-रोगन, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सौन्दर्यकरण, पार्किंग आदि से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि सीवरेज व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त करवाएं, जिससे अन्य कार्य भी समय पर पूरे हो सकें और मरीजों को अनावश्यक परेशानी ना हो।



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी (बीच में) ने मेडिकल कॉलेज, पीबीएम हॉस्पिटल के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने सीवर लाइनों की नियमित साफ-सफाई करवाने, सीवरेज चैम्बर पर ढक्कन लगवाने व पाइपलाइन के मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर, जनाना, मर्दाना व शिशु विंग में रंगरोगन, फेस अपलिफ्टमेंट सहित अन्य कार्यों को मिशन मोड पर पूरा करवाने को कहा। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने कहा कि अस्पताल के चारों और सौंदर्यीकरण, पार्क विकसित करने का कार्य भी किया जाए।साथ ही टूट फूट दुरुस्त करवाने,जालियां लगवाने, फ्रंट एलिवेशन के कार्य भी समय पर पूरे हो जाए यह सुनिश्चित किया जाए।

## संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला स्तरीय राजीविका कार्यालय श्रीगंगानगर द्वारा नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् मृदुल सिंह के मार्गदर्शन में स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला
परिषद् मीटिंग हॉल में बुधवार को करवाया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सीईओ ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से घर-घर जाकर अधिकाधिक मतदान करवाने के लिए अपील की और कहा कि 19 अप्रैल को प्रात: ही जाकर आप और आपके समस्त परिजन, आस पडौस के मतदाता मतदान करें। 17 व 18 अप्रैल को विशेष अभियान चलाकर सभी पात्र मतदाताओं को बूथ तक आने की मनुहार की जावेगी। इस अवसर पर जिला स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा ने निर्वाचन विभाग द्वारा जारी किए गए विभिन्न एप की जानकारी दी।

कार्यक्रम में रंगोली एवं मेहन्दी भी रचाई गई और मतदान तिथि के दिन एवं समय को उकेर कर स्वीप संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार, श्रीमती पारस राठौड, जोगेन्द्र शेखावत, भूपेन्द्र सिंह अध्यापक सहित स्वयं सहायता समूहों की महिला ग्रुप लीडर एवं सदस्यों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### सीटी स्कैन मशीन खराब

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजकीय जिला चिकित्सालय में करीब एक करोड़ से अधिक रुपए के भारी भरकम के बजट से स्थापित की गई सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई है। एक सप्ताह से मशीन का संचालन बंद होने से गंभीर बीमारी के रोगियों को अब मजबूरन प्राइवेट हॉस्पिटल या जांच केन्द्रों पर जाना पड़ रहा है। चूनावढ़ क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में कुछ रोगियों को सिर में चोटें आने पर सीटी स्कैन जांच के लिए चिकित्सालय से बाहरले जाना पड़ा। जिला चिकित्सालय में राज्य सरकार की ओर से उन्नीस साल पहले इस मशीन को स्थापित किया था। करीब 19 साल पुरानी इस मशीन के कल पुर्जो में खराबी आने पर नए कल पुर्जे लगाने का इंतजार किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय प्रबंधन का दावा है कि करीब पांच दिनों से यह मशीन खराब हैं।जिला चिकित्सालय में इस मशीन से रोजाना जांच करवाने वाले रोगियों की औसतन संख्या 35 पर हो चुकी है। यानि हर महीने करीब 1100 रोगियों की जांच होती है। इस मशीन से जांच ज्यादातर इस्तेमाल सिर पर चोट या लकवा जैसी गंभीर बीमारी होने पर करवाया जाता हैं। इस मशीन का संचालन बंद होने से रोगियों को अब मायूस होकर लौटना पड़ रहा हैं। वहीं कई रोगियों को प्राइवेट हॉस्पिटल या जांच केन्द्रों में मनमाने दाम चुकाने पड़ रहे है। इस संबंध में पीएमओ ने मशीन निर्माता कंपनी और ठेका फर्म के संचालकों को इस मशीन को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए लिखित और व्यक्तिगत रूप से आग्रह भी किया है।वर्ष 2005 में राज्य सरकार ने करीब एक करोड़ से अधिक लागत की इस मशीन को जिला चिकित्सालय में स्थापित करवाया था। जापानी तकनीक की इस मशीन की लागत एक करोड़ से अधिक आई थी। संचालन के लिए विशेषज्ञों की बार बार जरूरत पड़ने लगी। ऐसे में वर्ष 2016 में इस मशीन के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी सरकार के निर्देश पर पीपीपी मोड़ पर फर्म राजस्थानी डाग्योनिस्ट एवं जांच केन्द्र को अधिकृत कर दिया। इस ठेका फर्म के विशेषज्ञों की टीम ही रोगियों की सीटी स्कैन करती है। विशेषज्ञों की माने मौजूदा यह मशीन सिर्फ सिंगल स्लाइस की हैं। ऐसे में इस मशीन को अपडेट करने की जरुरत है। जबकि अब बाजार में 256 पूस स्लाइस सीटी स्कैनर वाली मशीनें आ चुकी है। विशेषज्ञों की माने मौजूदा यह मशीन सिर्फ सिंगल स्लाइस की हैं। ऐसे में इस मशीन को अपडेट करने की जरुरत है। जबकि अब बाजार में 256 पूस स्लाइस सीटी स्कैनर वाली मशीनें आ चुकी है।

### कांग्रेस प्रत्याशी इंदौरा ने भरा नामांकन

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। लोकसभा चुनाव-2024 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर सेलोकसभा के प्रत्याशी बनाए गए कांग्रेस नेता कुल दीप इंदौरा के समर्थन में 27 मार्च, बुधवार को प्रात: 10 बजे कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेताओं की पब्लिक पार्क में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा के पश्चात् इंडिया एलायंस और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी के साथ पब्लिक पार्क से गोल बाजार स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चौक व प्रो. केदार को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महाराजा गंगा सिंह चौक होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां श्रीगंगानगर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप इंदौरा ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर पब्लिक पार्क में आयोजित जनसभा को विधायक सोहन नायक, विधायक विनोद गोठवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री डूंगरराम गेदर, विधायक अभिमन्यु पूनिया, विधायक स. रूपेन्द्र सिंह कुन्नर, पूर्व विधायक का. हेतराम बेनीवाल, पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, पूर्व विधायक श्रीमती सोना देवी बावरी, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह बराड़, का. दुर्गा स्वामी, पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरालाल इंदौरा आदि वरिष्ठ नेताओं ने अपने सम्बोधन में केन्द्र की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए लोकतंत्र में वोट के माध्यम से इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का पुरजोर आव्हान किया। कांग्रेस प्रत्याशी कुल दीप इंदौरा ने अपने संबोधन में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में देश में एक बार पुन:: लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाली जन कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने का आव्हान करते हुए कहा कि आज देश में हर जगह आंदोलन हो रहे हैं।

### साइबर सिक्योरिटी की दी जानकारी

**बीकानेर**, (कासं)। साइबर थाना बीकानेर की ओर से साइबर जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी पुरानी गिन्नानी में स्पोर्ट्स एथलीट्स और कोचेज को साइबर थाना प्रोग्रामर शिव कुमार शर्मा तथा पुलिस कांस्टेबल सुभाष कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम साइबर अपराध, साइबर सिक्योरिटी तथा साइबर हैल्प लाइन की विस्तार से जानकारी दी गई। शिव कुमार शर्मा ने बताया कि साइंस टेक्नोलॉजी ने प्रगति और सुविधा विकसित की है वहीं इंटरनेट और मोबाइल के माध्यम स साइबर क्राइम की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे बचने, शिकायत और निराकरण एजेंसियों की जानकारी प्रदान की गई।वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी के चीफ कोच धनंजय सारस्वत ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अभिभावकों के लिए भी आयोजित किये जाने का प्रस्ताव साइबर थाना प्रतिनिधियों के सामने रखा जिससे समाज साइबर अपराध के प्रति जागरुक हों और मोबाइल कंप्यूटर का बेहतरीन उपयोग करने का ज्ञान प्राप्त हो। वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी कोच हिमांशु सारस्वत द्वारा साइबर थाना बीकानेर जिला पुलिस का इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ताईक्वांडो, क्वानकिडो, पेनचाक सिलाट, कलायरिपट्टू तथा कराटे मार्शल आर्ट्स के एथलीट्स एवं कोचेज उपस्थित हुए।

### गीता बलवदा को डॉक्टरेट की उपाधि

**बीकानेर**, (कासं)। शिक्षिका गीता बलवदा ने सरदारशहर के उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान गांधी विद्या मंदिर से 'उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षकरत आरक्षित एवं सामान्य वर्ग के शिक्षकों की व्यावसायिक संतुष्टि एवं शिक्षक प्रतिबद्धता का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की है। राजकीय शिक्षक टी टी कालेज बीकानेर में शिक्षिका गीता बलवदा ने विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की प्रोफेसर डॉ सरिता शर्मा के निर्देशन में पीएचडी की है।

## शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

**बीकानेर**, (कासं)। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सौर चेतना एवं ऊर्जा विज्ञान शोध संस्थान द्वारा महिला थाने के पास संचालित सेवा आश्रम-2 में विशेष योग्यजनों ने शत-प्रतिषत मतदान की अपील की। बच्चों ने 'मैं भारत हूं' गीत पर नृत्य की प्रभावी प्रस्तुति दी। वहीं वरिष्ठजनों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस दौरान रंगोली भी सजाई गई और 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पचीसिया ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। विशेष योग्यजनों द्वारा इसके लिए दिया गया संदेश बेहद अहम है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने कहा कि मतदान के प्रति जागरुकता के लिए सतत और साझा प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान विशेष योग्यजनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विभिन्न सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी ने स्वीप की अवधारणा एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद आचार्य, समाज कल्याण अधिकारी नंदकिशोर राजपुरोहित, नारी निकेतन अधीक्षक शारदा चौधरी, चंदन सोलंकी आदि उपस्थित रहे। वहीं एमएस कॉलेज के पास स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय छात्रावास में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर सभी ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के राजकीय छात्रावासों में विद्यार्थियों की ओर से मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित हुए। संयुक्त निदेशक पंवार ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कोलायत, पूगल, खाजूवाला, लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़, नोखा और देशनोक के किशोर और बालिका छात्रावासों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान रैलियां निकाली और शत-प्रतिशत मतदान के लिए आमजन को प्रेरित किया। इन कार्यक्रमों के दौरान मतदाताओं को टोल फ्री नंबर 1950, सक्षम ऐप और होम वोटिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई।




मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मतदान की शपथ दिलाई।

## मेघवाल ने किया नामाकंन दाखिल

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल बुधवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि नामाकन दाखिल करने के आद सादुल कूब मैदान में जनसभा आयोजित की गई। जिसमें अखिल भारतीय महासचिव प्रभारी राजस्थान सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

कांग्रेस नेताओं ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने देश में मंहगाई, बेरोजगारी सहित जनहित के मुद्दों से दुरी बनाई। वक्तओं ने कहा कि भाजपा ने युवाओं किसानों व महिलाओं के मुद्दों से भी किनारा किया और दस साल के अपने शासन में इन वर्गो के लिए कोई ठोस योजना तक नही दी।

कांग्रेस नेताओं ने जनसभा में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए अपील की कि देश में भाईचारा व अमन चैन सहित विभिन्न वर्गो के विकास के लिए इंडिया एलायन्स के प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल को विजयी बनाने का आव्हान किया।

## 'राष्ट्रवादी शक्तिपुंज महिलाएं' पुस्तक का विमोचन

**बीकानेर,** (कासं)। भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने वाली महिलाओं पर आधारित पुस्तक 'राष्ट्रवादी शक्तिपुंज महिलाएं' का विमोचन संजय पैलेस में किया गया।

लेखिका चन्द्रकला आचार्य द्वारा लिखी गई इस पुस्तक में भारत के राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने वाली 75 स्वतंत्रता सैनानी एवं विदूषियों की जीवनियों का संकलन है। इस पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संपर्क सह प्रमुख योगेंद्र कुमार ने किया।

उन्होंने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम और इसके बाद स्वतंत्र भारत को विश्व पटल पर विशेष पहचान दिलाने में महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत की 75 राष्ट्रवादी महिलाओं के योगदान का संकलन इस पुस्तक में किया गया है।

युवा पीढ़ी तक इनके कृतित्व की जानकारी उपलब्ध करवाने में यह पुस्तक सहायक सिद्ध होगी। इसका अध्ययन कर युवा पीढ़ी भी राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यह भारत के लिए गौरवान्वित करने वाले क्षण हैं।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि भारत में आदिकाल से नारी को विशेष दर्जा प्राप्त है। महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं। उन्होंने कहा कि आज के अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों, खासकर बेटियों को खूब पढ़ाएं। जिससे हमारी बेटियां दो घरों को रोशन कर सकें। कार्यक्रम का संचालन मोनिका गौड़ ने किया।

पत्रवाचन डॉ. कृष्णा आचार्य ने किया।इस दौरान राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के विभाग कार्यवाह टेकचंद बरडिया, मनमोहन कल्याणी, भारत स्काउट गाइड की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विमला डुकवाल, साहित्यकार रवि पुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा ने भी महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सेवानिवृत अतिरिक्त मुख्य अभियंता बसन्त आचार्य ने आभार जताया।

इससे पहले सेवानिवृत बैंक अधिकारी शिव कुमार आचार्य ने पुस्तक की पृष्ठभूमि पर बात रखी। कार्यक्रम में ममता पुरोहित, शिक्षक नेता रवि आचार्य, डॉ. रेणुका व्यास सहित शिक्षा, आरएसएस से जुड़े पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**सार्वजनिक नोटिस**

तारीख: २६/०३/२०२४

यह बड़े पैमाने पर जनता को जानकारी देने के लिए है कि हमारे मुवक्किल और उसकी सहयोगी तथा नियंत्रित कम्पनी ग्राम केलां और ग्राम सरदारपुरा (पटवार हल्का केलां) के निम्नलिखित आराजी /खसरा नंबरों में लगभग २६९.९३२०६ एकड़ के बराबर १०९.२३७८ हेक्टेयर भूमि पट्टे पर लेने का इरादा रखती हैं। यह जमीन राजस्थान में निम्नलिखित आराजी / खसरा नंबर में स्तिथ है :: केलां और सरदारपुरा

| क्र. सं. | वर्तमान मालिकान | आराजी संख्या | गाँव | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवान राम उर्फ भगवान राम चौधरी पुत्र देदाराम, | 711 | केलां | 11.1782 |
| | मोडाराम गोदारा पुत्र देदाराम, लिछमा पुत्री दूलाराम, श्रीराम पुत्र देदाराम | | | |
| 2 | भगवान राम उर्फ भगवान राम चौधरी पुत्र देदाराम, | 713 | केलां | 4.4005 |
| | मोडाराम गोदारा पुत्र देदाराम, लिछमा पुत्री दूलाराम, श्रीराम पुत्र देदाराम | | | |
| 3 | मेलू खान पुत्र रोशन मोहम्मद | 700/2 | केलां | 1.1633 |
| 4 | सुगनी पत्नी स्व. हामिद खान | 700/1815 | केलां | 1.5553 |
| 5 | रोशन खातून पुत्री सेती | 1605/831 | केलां | 4.3499 |
| 6 | रोशन खातून पुत्री सेती | 820 | केलां | 1.568 |
| 7 | अब्दुल रहमान पुत्र रोशन खान | 1570/831 | केलां | 6.3225 |
| 8 | अब्दुल सत्तार पुत्र रोशन खान | 1569/831 | केलां | 6.3225 |
| 9 | अनवर खान पुत्र दामेखान, | 819/1821 | केलां | 1.4415 |
| | खुबरा पुत्री दामेखान, मरियम पुत्री दामेखान, शमां पुत्री दामेखान, सुगरा पुत्री दामेखान, सायरा पत्नी दामेखान | | | |
| 10 | कामेखान पुत्र सुभानी | 819 | केलां | 6.019 |
| 11 | राजूनाथ पुत्र रामनाथ | 369/931 | सरदारपुरा | 6.3225 |
| 12 | गमुखां पुत्र खंडूखां | 716/1135 | केलां | 17.1593 |
| 13 | इकबाल पुत्र सोने खान, मंजूर खान पुत्र सोहनेखां, शरीफ खान पुत्र सोहनेखां | 855/1280 | केलां | 10.116 |
| 14 | सजना पत्नि मेलखान | 1526/1164 | केलां | 5.0568 |
| 15 | अब्दुल रहमान पुत्र रोशन मोहम्मद 1/13 अब्दुल सत्तार | 831/1165 | केलां | 5.0568 |
| | पुत्र रोशन मोहम्मद 1/13 कमा खातून पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 जैतुना बानो पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 जेता खातुन पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 जया पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 पाकीजा पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 मुजराफा पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 मदीना पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 मन्नत बानो पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 मेलू खान पुत्र रोशन मोहम्मद 1/13 वकीला बानो पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 समीरा पुत्री रोशन मोहम्मद 1/13 | | | |
| 16 | इकबाल पुत्र सोने खान, मंजूर खान पुत्र सोने खान, शरीफ खान पुत्र सोने खान | 855/1280 | केलां | 10.116 |
| 17 | अजूब पुत्र इलेखां 1/6 जाकिर पुत्र इलेखां 1/6 | 699 | केलां | 5.1718 |
| | पतने खां पुत्र इलेखां 1/6 मुखत्यारी पुत्र इलेखां 1/6 सलाम खाम पुत्र इलेखां 1/6 हुसैन पुत्र इलेखां 1/6 | | | |

उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने दर्शाया तथा घोषित किया है कि, उपरोक्त जमीन सभी तरह के भार, प्रभार, पट्टा आदि से मुक्त है। उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने यह भी घोषित किया है कि जमीन किसी भी तरह के कोई समझौता, पट्टा, समझौता ज्ञापन आदि का हिस्सा विषय नहीं है और कोई कानूनी बाधाओं से प्रभावित नहीं हैं एवं उपरोक्त जमीन खरीदने के लिए कानूनी रूप से पाक साफ़ है। तात्पर्य यह है की उक्त जमीन के सन्दर्भ में हमारे मुवक्किल इस आधार पर उपरोक्त जमीन के गुणों का ध्यान रखते हुए इसे खरीदने के लिए सहमति व्यक्त किया है। कोई भी व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था का कोई अधिकार, हक़, दावा, वाह मांग उपरोक्त जमीन या उसके किसी हिस्से के विरुद्ध हो जो की विरासत, बंधक, कब्जे के माध्यम से, बिक्री, विनिमय, लाइसेंस, उपहार, पट्टा, ग्रहणाधिकार, प्रभार, विश्वास, रखरखाव, वसीयत, सहजता, विकास के अधिकार, साझेदारी, संयुक्त उद्यम, हकमनामा या किसी भी न्यायालय के आदेश, अधिग्रहण की सूचना या किसी अन्य समझौते / समझ अनुसरण, के तहत हो तो वह व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था को इस सार्वजनिक सूचना के जारी करने के दस (१०) दिनों के भीतर मूल रूप से दस्तावेजी साक्ष्य के साथ नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में, समान रूप से ज्ञात करने की के आवश्यकता हैं। यदि पूर्वकथित अवधि के दौरान कोई भी दावा / आपत्ति नीचे दिए गए पते पर ज्ञात सूचित करने में विफल होते हैं तोह वह दावा / आपत्ति आदि को माफ कर दिया गया / परित्यक्त, माना जाएगा।

श्री दीपक चौधरी, वकील
+91 8125506521/ +91 9490141393
२ फ्लोर, ब्लॉक डी, थी मीरा, मथुरा रोड, नई दिल्ली ११००६५ इंडिया